तापमान

अधिकतम 34 .2 डिग्री

न्यूनतम 15 .4 डिग्री

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025



11 संत महात्मओं का नशे के खिलाफ शुरू किया ...



12 आस्था का महापर्व छठ, आज देंगे डूबते सूर्य को अर्घ्य




## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- जेजेपी जिला अध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा की प्रेसवार्ता पार्टी कार्यालय में सुबह 11 बजे।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### गांव अटायल से स्कार्पियो गाड़ी चोरी

**सांपला।** खंड के गांव अटायल में मकान के बाहर खड़ी स्कार्पियो गाड़ी को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। पुलिस ने गाड़ी मालिक प्रवीन कुमार के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि उसने शनिवार की शाम को गाड़ी मकान के बाहर खड़ी कर दी और घर पर सो गया। सुबह देखा तो गाड़ी नहीं मिली। बताया जब सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो दो युवक गाड़ी को पीछे से धक्का लगाते दिखाई दे रहे हैं। एक गाड़ी चला रहा है।

### पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

**सांपला।** शनिवार की देर रात खरखोदा मार्ग पर स्थित एक वाटिका में पूर्व सैनिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से सैनिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन रणबीर और सुबेदार सुरेश कुमार ने की। सभी सैनिकों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी को सम्मानित किया गया। इस समारोह में हवा सिंह, सतबीर, बेद छिकारा, जगबीर आदि का भी सहयोग रहा।

### कांग्रेस नेता ने पूरन कुमार को श्रद्धांजलि दी

**रोहतक।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष अड़ीचन्द निम्बडिया ने हरियाणा पुलिस के सीनियर आईपीएस अधिकारी दिवंगत वाई पूरन कुमार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि इस आत्महत्या मामले में पूरे प्रशासनिक तंत्र को हिला दिया जो कि हरियाणा के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होगी तभी स्वर्गीय वाई पूरन कुमार को न्याय मिलेगा।

### जिंदराण में जांची आंखों की बीमारियां

**रोहतक।** उत्थान युवा विकास समिति, कंप्यूटर एवं पुस्तकालय ग्राम जिंदराण एवं पीजीआईएमएस के चक्षु विज्ञान संस्थान सहयोग से गांव जिंदराण में नेत्र जांच शिविरि लगाया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. रमेश ने किया। इस मौके डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. केएल मलिक भी मौजूद रहे। लोगों की जांच डॉ. अशोक राठी ने की। आंखों की देखभाल कैसे करें, इस बारे में शिविर में लोगों को जानकारी दी गई।



### सुभाष नगर में किया पोधरोपण

**रोहतक।** पौधे लगाओ पुण्य कमाओ अभियान के तहत हिमांशी चुघ ने अपने जन्मदिन पर सुभाष नगर स्थित पार्क में पौधरोपण किया। समाजसेवी प्रवीन सहगल ने जितेंद्र चुघ के इस नेक कार्य को सराहानीय कदम बताते हुए सभी से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए। ताकि प्रदूषण कम करने में योगदान दिया जा सके। समाजसेवी सुन्दर जेटली, कमल दुरेजा महासचिव, श्रेता चुघ, नित्या चुघ, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं, जिसके साथ ही सभी मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध हो जाता है समाप्त

### देवोत्थान एकादशी के साथ शादी सीजन का भी आगाज

# एक नवंबर से बजेंगी शहनाइयां, अगले महीने विवाह के 14 मुहूर्त, दिसंबर में तीन दिन शुभ के

### बैंक्वेट हॉल, बैंड-बाजा, घोड़ा-बग्गी और डेकोरेटर की बुकिंग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एक नवंबर से पूरे रोहतक में फिर से शादी-ब्याह का माहौल लौटने वाला है। भगवान श्रीहरि विष्णु के चार माह की योगनिद्रा से जागने के साथ ही देवोत्थान एकादशी के दिन से मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। परंपरा के अनुसार इस दिन शंख और घंटी बजाकर भगवान विष्णु को जगाया जाता है और तुलसी विवाह का आयोजन कर विवाह जैसे शुभ कार्यों का आरंभ होता है। चार महीने के विराम (चातुर्मास) के बाद अब घरों में मंगलगीतों की गूंज और विवाह की रौनक लौट आएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवोत्थान एकादशी के दिन से ही शुभ विवाह मुहूर्त पुनः आरंभ हो जाते हैं। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और भगवान विष्णु तथा तुलसी माता का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसे वैष्णव परंपरा में अत्यंत शुभ माना जाता है, क्योंकि यही देवउठनी एकादशी के बाद होने वाला पहला मांगलिक पर्व है।



#### नवंबर-दिसंबर में शुभ विवाह तिथियां

पंडित संदीप झा ने बताया कि इस वर्ष नवंबर और दिसंबर में कुल 12 शुभ मुहूर्त पड़ रहे हैं, जिनमें शहनाइयां गूंजेंगी। नवंबर में विवाह के लिए 18, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 और 30 नवंबर शुभ तिथियां मानी गई हैं। वहीं दिसंबर में केवल 4, 10 और 11 दिसंबर को विवाह के लिए उत्तम योग बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो जाएगा, जिसके बाद विवाह, गृहप्रवेश, मुंडन या अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। खरमास की अवधि समाप्त होने के बाद, आगामी फरवरी माह से पुनः शादी सीजन की शुरुआत होगी।

#### बाजार में रौनक बुकिंग शुरू

विवाह सीजन के आगमन से पहले ही रोहतक में शादी से जुड़ा बाजार पूरी तरह गर्म हो चुका है। बैंक्वेट हॉल, धर्मशालाएं, होटल, कैटरिंग सर्विस, बैंड-बाजा, घोड़ा-बग्गी, डेकोरेटर और फोटोग्राफर की बुकिंग जोरों पर चल रही है। शहर के कई नामी आयोजन स्थलों की बुकिंग नवंबर माह के शुरुआती सप्ताह में ही पूरी हो चुकी है। शहर के एक प्रमुख बैंक्वेट हॉल संचालक ने बताया कि इस बार शादियों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक है। केवल 26 दिनों के सीमित शादी सीजन के कारण लोगों ने पहले से ही अपनी तिथियां तय कर ली हैं।

#### मांग बढ़ने से कीमतों में उछाल

शादी से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि इस बार डेकोरेशन, कैटरिंग और बैंड-बाजा की डिमांड दोगुनी हो गई है। होटल और बैंक्वेट हॉल के किराये में भी 10 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वहीं, फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर की बुकिंग भी एक महीने पहले से फुल हो चुकी है। शहंशाह ने बताया कि इस सीजन में बुकिंग इतनी अधिक है कि कई आयोजनों के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार शादी सीजन छोटा है, लेकिन कारोबारियों के लिए यह साल बेहद व्यस्त रहने वाला है।

#### देवोत्थान एकादशी से शुरू होगा शुभ काल

पंडित संदीप झा ने बताया कि देवोत्थान एकादशी के दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं और इसी के साथ सभी शुभ कार्य पुनः प्रारंभ हो जाते हैं। इस अवसर पर भक्तजन एकादशी व्रत रखकर भगवान विष्णु और तुलसी माता की पूजा करते हैं। तुलसी विवाह के आयोजन के साथ ही विवाह का सीजन प्रारंभ होता है। इस दिन से विवाह, गृहप्रवेश, अन्नप्राशन, मुंडन आदि सभी शुभ संस्कारों के आयोजन के लिए अनुकूल समय शुरू हो जाता है।

#### पूरे शहर में दिखेगी शादी की रौनक

देवोत्थान एकादशी के बाद रोहतक में शादी सीजन की चहल-पहल पूरे दिसंबर तक बनी रहेगी। बाजारों में कपड़ों, ज्वेलरी और उपहारों की खरीदारी शुरू हो चुकी है। परिधानों की दुकानों और ब्यूटी पार्लरों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। पंडित ने कहा कि इस बार का विवाह काल अल्पकालिक होने के बावजूद बेहद शुभ है। लोग विवाह के लिए लंबे समय से शुभ मुहूर्त की प्रतीक्षा कर रहे थे, उनके लिए नवंबर-दिसंबर के ये दिन अत्यंत मंगलकारी साबित होंगे।

---

**विभाग के प्रति रोष :** छह माह से अधिकारियों के कार्यालयों के लगा रहे चक्कर

# दूषित पानी और सीवर ओवरफ्लो से आहत प्रेम नगर वासियों ने दिया धरना

*निगम ने सड़क का टेंडर किया, पीने के पाइप लाइन और सीवर का नहीं किया समाधान*

*कॉलोनियों के लोगों को दूषित पेयजल और सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझना पड़ रहा है। शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा समाधान नहीं किया जा रहा।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में अधिकतर कॉलोनियों के लोगों को दूषित पेयजल और सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कई माह तक शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा समाधान नहीं किया जा रहा। इसी परेशानी के चलते प्रेम नगर निवासियों ने रविवार को सड़क पर टैंट लगाया और सुबह से शाम तक धरना देकर नारेबाजी की। लोगों ने आरोप लगाया कि छह माह से समस्या के समाधान के लिए आवाज उठा रहे हैं लेकिन अधिकारियों ने मजाक बनाया हुआ है। धरने की सूचना मिलते ही नगर निगम के एक्सईएन और पब्लिक हेल्थ के जेई मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने समस्या का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन देकर धरना खत्म करवाया। इस दौरान लोगों ने मांग की कि पीने के पानी की लाइन दोबारा डाली जाए। आश्वासन मिला है नई लाइन डाली जाएगी।





**रोहतक।** धरना देते कालोनी निवासी एवं टूटी हुई सड़क। फोटो : हरिभूमि

#### सही सड़क का किया टेंडर

प्रेम नगर निवासी सुरेंद्र पंवार ने बताया कि प्रेम नगर की सड़क काफी बेहतर थी। कुछ जगह ही टूटी हुई थी, लेकिन प्रशासन ने इस सड़क का टेंडर जारी करते हुए इसे खुदवाना शुरू कर दिया। जबकि सीवर और पानी की समस्या से कई माह से लोग ग्रस्त है। इसके लिए टेंडर जारी नहीं किया गया, जिससे लोगों में रोष है। वह कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत करवा चुके हैं लेकिन कहीं सुनवाई ही नहीं हो रही।

#### धरने में ये लोग शामिल रहे

धरने में सुरेंद्र पंवार, संजय दलाल, जिले जांगडा, राजेंद्र कुंडू, राजबीर सिवाच, बदन सिंह तौमर, जसवीर हुड्डा, तेजवीर, संजीव हुड्डा, दीपक राठी, राजबीर, संदीप हुड्डा, पंकज भारद्वाज आदि मौजूद रहे। कहीं सुनवाई ही नहीं हो रही।

#### समाधान शिविर में कई शिकायतें दी

कॉलोनी निवासियों ने बताया कि वे छह माह से अधिक समय से चक्कर लगा रहे हैं। दूषित पेयजल की वजह से पूरा परिवार परेशान है। पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। दैनिक कार्य सही ढंग से नहीं हो पा रहे। इसके अलावा सीवर ओवरफ्लो की वजह से दूषित पानी सड़कों पर जमा रहता है। वह समाधान शिविर में कई बार लिखित शिकायतें दे चुके हैं लेकिन दूषित पेयजल और सीवर ओवर फ्लो की समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा। इसके बाद उन्हें रोड पर टैंट लगाकर धरना देने पर मजबूर होना पड़ा। अगर भी भी सुनवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन के लिए भी तैयार हैं।

---

## योग में दमखम दिखाते छात्र



**रोहतक।** हरियाणा स्टेट योग एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, फरीदाबाद के कुशल निर्देशन में 41वीं सब-जूनियर एवं जूनियर हरियाणा राज्य स्तरीय योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025–26 का भव्य शुभारंभ आज कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-15, फरीदाबाद में हुआ, इस दो दिवसीय प्रतियोगिता 26 और 27 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें हरियाणा के सभी जिलों से लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। (विस्तृत खबर पेज -12 पर)

---

**राजनीतिक प्रतिशोध से राव नरेंद्र पर आरोप लगा रही बीजेपी**

# प्रदेश में अपना एक भी चुनावी वादा पूरा नहीं कर पाई भाजपाः हुड्डा

*किसान की फसलों पर एमएसपी व मुआवजा और जनता को सुरक्षा देने में नाकाम है सरकार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार ने अपना एक भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया। आज किसान अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य और आम जनता सुरक्षा के लिए तरस रही है। हुड्डा रविवार को रोहतक के सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने आए थे। इस दौरान पत्रकारों के



**रोहतक।** पत्रकारों से रूबरू होते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 24 फसलों पर एमएसपी देने का दावा करने वाली बीजेपी सरकार आज मुंह छिपाकर घूम रही है। क्योंकि किसानों की धान, बाजरा, कपास, मूंग समेत तमाम फसलें एमएसपी से 300 से 1000 रुपये कम कीमत पर पिट रही हैं। हुड्डा ने कहा, हम सरकार से बार-बार पूछ रहे हैं कि हरियाणा में वे कौन-सी 24 फसलें हैं, जिन पर एमएसपी दिया जा रहा है, जो फसलें खेतों से मंडियों तक पहुंच रही हैं, उन्हें एमएसपी नहीं मिल रहा। कोई भी व्यक्ति मंडी जाकर इसकी सच्चाई देख सकता है। सरकार ने फसल बेचने से लेकर खाद देने और मुआवजा प्राप्त करने तक की प्रक्रियाओं को इतना जटिल कर दिया है कि किसान इनमें ही उलझकर रह जाते हैं।

---

# वैश्य एजुकेशन सोसायटी का दीक्षांत समारोह आज

**राज्यपाल प्रो. घोष होंगे मुख्य अतिथि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वैश्य एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित तीन प्रमुख शिक्षण संस्थान वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, वैश्य कॉलेज ऑफ लॉ और वैश्य इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च का वार्षिक दिवस एवं दीक्षांत समारोह आगामी 27 अक्टूबर सोमवार को आयोजित किया जाएगा। यह समारोह महाराजा अग्रसैन ऑडिटोरियम में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष होंगे, जो विद्यार्थियों को डिग्रियां और पुरस्कार प्रदान करेंगे। वहीं, समारोह की अध्यक्षता वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान विकास गोयल करेंगे। इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहेंगे, जिनमें पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, कोलकाता के



वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल, सोसाइटी के पूर्व प्रधान एवं इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के पूर्व उपाध्यक्ष गिरिश चंद्र गुप्ता, एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन शामिल हैं। समारोह की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप से फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस दौरान सोसाइटी के प्रधान विकास गोयल, महासचिव राधेश्याम गर्ग और कोषाध्यक्ष पवन मित्तल खरकियां उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, मंच सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अतिथियों के स्वागत की तैयारियों का निरीक्षण किया।

---

**कार्यक्रम** | श्री लालनाथ हिन्दू कॉलेज में बोले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह

*आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन को किया संबोधित*

# डबल इंजन सरकार से साकार होगा आत्मनिर्भर हरियाणा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा इस बात पर चिंतन करते हैं कि देश कैसे आत्मनिर्भर बने। उनका कहना है कि हम आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। प्रधानमंत्री के आह्वान पर ही स्वदेशी का यह अभियान देश भर में चलाया जा रहा है और पार्टी के कार्यकर्ता समाज के साथ मिलकर इस अभियान को एक जनआंदोलन बनाने के लिए काम कर रहे हैं। डबल इंजन सरकारों से आत्मनिर्भर हरियाणा का संकल्प साकार होगा। वे रविवार को श्री लालनाथ हिन्दू कॉलेज के सभागार में आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन में उपस्थित पार्टी





**रोहतक।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद अरुण सिंह और मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

पदाधिकारियों, व्यापारियों और शहर के गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज मौजूद रहे।

#### हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी

राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अनेक कार्यक्रमों की रचना की गई है। युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, विधानसभा सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन जैसे अनेक कार्यक्रम पूरे देश में किए जा रहे हैं। हरियाणा में भी प्रदेश नेतृत्व में बहुत अच्छे तरीके से इन कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया।

#### पीएम के प्रयासों का दिखने लगा असर

सांसद अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए जो कदम उठाए हैं, उनके परिणाम दिखाई देने लगे हैं। भारत जापान को पीछे छोड़ कर दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है और बहुत जल्द जर्मनी को पीछे छोड़कर हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। प्रधानमंत्री ने मेक फॉर द वर्ल्ड का आह्वान किया, उसी का परिणाम है कि आज हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता हैं। रक्षा क्षेत्र की अगर बात करें तो गोला-बारूद से लेकर बुलेटप्रूफ जैकेट तक हर चीज विदेशों से आती थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने तय किया कि हम रक्षा उत्पादन देश में ही करेंगे। इसका परिणाम है कि आज हम राइफल बना रहे हैं, गोला-बारूद बना रहे हैं, बुलेटप्रूफ जैकेट बना रहे हैं और आकाश तथा ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में छह सेमीकंडक्टर उत्पादन यूनिट लग रही हैं और जल्द ही गुजरात में स्थापित यूनिट से उत्पादन भी शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी की डबल इंजन वाली सरकार हरियाणा को तेजी से विकास के रास्ते पर आगे ले जा रही हैं।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

लाइफ Style

# उर्वशी



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की



हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'

# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***



***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉड्र्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉड्र्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉड्र्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉड्र्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉड्र्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

### लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई।*** *भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप

### सीएम का लाडो योजना के लिए आभार जताया

**बहादुरगढ़।** प्रदेश में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना लागू करने के लिए यशपाल हिंदुस्तानी व हेमलता ने सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।



उनके अनुसार यह योजना समाज में बेटा-बेटी की समानता का संदेश देने के साथ ही बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। योजना के तहत अब महिलाओं को 2100 रुपये मिलेंगे, जिससे महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त होंगी।

### जिला-उपमंडल स्तर पर आज समाधान शिविर

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया जाएगा। वहीं, उपमंडल बहादुरगढ़, बेरी व बादली में लघु सचिवालय में संबंधित एसडीएम द्वारा जन समस्याएं सुनी जाएंगी।

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि आगामी दो नवंबर को देवउठनी एकादशी पर सामाजिक प्रथा बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी

**झज्जर।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पुलिस शहीदों की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य पंकज वालिया के निर्देशन में अध्यापकों और विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर से शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला और शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर जय हिंद और शहीद अमर रहे के नारे लगाए। इस दौरान अपने संबोधन में पंकज वालिया ने कहा कि हमारे देश के वीर पुलिसकर्मी राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं। उनका बलिदान हमेशा सबके लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों से शहीदों के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### गंदगी छोड़ रहे 12 अवैध कनेक्शन ध्वस्त किए

बहादुरगढ़। मुंगेशपुर ड्रेन को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। नगर परिषद बहादुरगढ़, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने ड्रेन में सीधी गंदगी छोड़ रहे दर्जनभर अवैध कनेक्शन ध्वस्त किए। कई परिवारों को एक दिन की मोहलत देकर कनेक्शन खुद हटाने की भी चेतावनी दी। दरअसल, बहुत से लोगों द्वारा अवैध तरीके से मुंगेशपुर ड्रेन तक पाइप लाइन बिछाकर शौचालय, सीवर की गंदगी डाली जा रही है। संयुक्त टीम द्वारा अवैध कनेक्शन चिह्नित कर काटे जा रहे हैं। इसी कड़ी में विभिन्न विभागों की टीम ने मुंगेशपुर ड्रेन के आसपास छोटूराम नगर व परनाला के आसपास कार्रवाई की।

---

### टिकाना संत बाबा सांवल शाह में हुआ वार्षिक यज्ञ, सत्संग व विशाल भंडारा

# संत महात्मओं का नशे के खिलाफ शुरू किया गया अभियान बनेगा मील का पत्थर

- कार्यक्रम का शुभारंभ संत बाबा सांवल शाह महाराज ने किया
- कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सहित कई हस्तियां शामिल

कैबिनेट मंत्री बोले, साधु संत किसी जाति विशेष के नहीं अपितु राष्ट्र की धरोहर, मानवता कल्याण का दिया हमेशा संदेश,साधु संतो ने अपने ज्ञान से अंधकार को दूर किया है और लोगों को बुराईयों के प्रति जागरू भी कर रहे है जो है समय की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

टिकाना संत बाबा सांवल शाह द्वारा आयोजित सलाना यज्ञ समागम का भव्य आयोजन रविवार को दि रेडिएंट गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे साधु-संतों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संत बाबा सांवल शाह महाराज ने भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मंच पर महामंडलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती महाराज, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बाड़ोली, भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल, मुख्यमंत्री नायब सैनी के ओएसडी तरुण भंडारी, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका तथा बाबा सुखा शाह समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सांधु संत किसी जाति विशेष के नहीं अपितु राष्ट्र की धरोहर होते है, जिन्होंने हमेशा राष्ट्र उत्थान व मानवता कल्याण का संदेश दिया है। उन्होंने संत महात्माओं द्वारा विश्वशांति व नशे के खिलाफ शुरू किए गए महाअभियान की सराहना की और कहा कि यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा।



**रोहतक।** आयोजित सलाना यज्ञ समागम में प्रवचन देते निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत स्वामी रविन्द्रपुरी महाराज।



**रोहतक।** आयोजित सलाना यज्ञ समागम में महामंडलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती से आशीर्वाद लेते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

#### बोले कैबिनेट मंत्री

रोहतक कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार ने जनहित में अनेक योजनाएं लागू की है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गन्ने के भाव में बढोतरी करने का निर्णय ऐतिहासिक है। किसान सरकार की नीतियों से पूरी तरह से खुश है। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है और इसलिए वह झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। सरकार ने जो वायदा जनता से किए वह पूरे करके दिखाएं है।

#### हजारों श्रद्धालुओं ने लिया संत-महात्माओं का आशीर्वाद

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विश्वशांति व नशे के खिलाफ शुरू किया गया महाअभियान आज समय की जरूरत है और सरकार भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार ने अहम कदम उठाए है, जिसके चलते काफी हद तक नशे पर रोक भी लगी है। सरकार सख्ती से नशा तस्करों के खिलाफ कारवाई कर रही है और उनकी सम्मपति भी कुर्क की जा रही है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि साधु संतो ने हमेशा ही अपने ज्ञान से अंधकार को दूर किया है और लोगों को बुराईयों के प्रति जागरू भी कर रहे है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वह इस महाअभियान का हिस्सा बने और नशे के खिलाफ एकजुट होकर नशा मुक्त भारत बनाने के सपने को साकार करे।मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सत्संग सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ, जो दोपहर 1 बजे तक चला। इस दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक हेमंत बृजवासी ने अपने कलाकार दल के साथ भगवान के भजनों से पूरे वातावरण को भक्ति रस में डुबो दिया। कार्यक्रम में जालंधर, कलानौर, रोहतक, दिल्ली, हरिद्वार, कुरुक्षेत्र और पानीपत सहित विभिन्न स्थानों से संत-महात्माओं, समाजसेवकों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंच सज्जा के लिए गुलाब, चमेली और सफेद फूलों से भव्य पुष्पवर्षा की गई।

---

# भाजपा सरकार किसान हितैषी: शमशेर खरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



- प्रदेश मीडिया सह प्रभारी ने सीएम नायब की उपलब्धियां गिनाई

भाजपा नेता प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा गन्ने का भाव 400 रुपये से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह हरियाणा के लाखों गन्ना उत्पादक किसानों के जीवन में खुशहाली लाने वाला कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी का किसानों के हित में निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। शमशेर खरक ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार लगातार किसानों के हितों को ध्यान में रख कर निर्णय ले रही है भाजपा सरकारें सदैव किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी का यह निर्णय न केवल किसानों की मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित करता है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान समृद्ध देश समृद्ध के संकल्प को भी साकार करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लगातार कृषि क्षेत्र को सशक्त करने के लिए अनेकों महत्वपूर्ण ठोस कदम उठाए हैं चाहे वह सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो,फसल बीमा योजना की सुलभता हो या गन्ना किसानों के बकाया भुगतान में पारदर्शिता लाना। इन सभी प्रयासों ने हरियाणा को देश के अग्रणी कृषि राज्यों में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य और समय पर भुगतान मिले। जिससे किसानों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हो। उन्होंने कहा कि किसान आने वाले समय में और अधिक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा।

#### फतेहपुरी कॉलोनी में हुई इनेलो की बैठक

रोहतक इनेलो के शहरी युवा प्रधान हरीश योगी ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी अध्यक्ष अभय चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो प्रदेश सचिव मन्जीत कन्हेली, जिला प्रधान नफे सिंह लाहली सहित अन्य पदाधिकारियों का आभार जताया है। फतेहपुरी कॉलोनी में आयोजित मीटिंग में हरीश योगी ने कहा कि जो दायित्व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें सौंपा है, वह उसे पूरी लग्न से पूरा करेंगे। इस मौके पर रविन्द्र सैनी, अंकित हुड्डा, अमन हुड्डा, विशु हुड्डा, नवदीप जोगी, वीरेंद्र जोगी, शुभम जोगी आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** इनेलो प्रदेश सचिव मन्जीत कन्हेली का स्वागत करते शहरी युवा प्रधान हरीश योगी व अन्य।

---



# कन्हैली में 108 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

रविवार को गांव कन्हैली में रक्तदान शिविर लगाया गया। चाइल्ड वेल्फेयर फाउंडेशन और भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से लगाए शिविर में 108 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में खिलाड़ी और दूसरे प्रतिभाएं सम्मानित की गई। कार्यक्रम में सीआर पॉलिटेक्निक प्राचार्य डॉ. सतेंद्र सिंह, ठेकेदार दिलबाग सिंह ठेकेदार,चाइल्ड वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट पवन पांवडिया, सचिव रणजीत सिंह, मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह समेत गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। रक्तदाताओं को हौसला बढ़ाते हुए डॉ. सतेंद्र सिंह ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता है। पीजीआईएमएस समेत दूसरे चिकित्सा संस्थानों में हमेशा रक्त की कमी रहती है।

# श्री बालाजी धाम डोभ में 60वीं पैदल ध्वजा यात्रा का भव्य स्वागत, संकीर्तन और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर 60वीं पैदल ध्वजा यात्रा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से होते हुए श्री बालाजी धाम पहुंची। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि यह यात्रा प्रत्येक रविवार को आयोजित की जाती है, जिसमें सैकड़ों भक्तजन भाग लेते हैं। यात्रा के दौरान भजन-संकीर्तन, स्वास्थ्य जांच शिविर और भंडारे का आयोजन किया गया। प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मंडल, तेज कॉलोनी रोहतक के सदस्यों सहित सैकड़ों श्रद्धालु श्री दुर्गा भवन मंदिर से सुबह 10 बजे ध्वजा यात्रा प्रारंभ करते हैं। यात्रा की शुरुआत मंदिर परिसर में ज्योत प्रज्वलन कर की गई। सभी श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लिए जय श्री राम और बालाजी महाराज की जय के जयकारों के साथ आगे बढ़े। श्री बालाजी धाम परिसर में हर रविवार की तरह इस बार भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसका शुभारंभ सतीश जांगड़ा (बाला डेयरी, हिसार रोड) ने किया। शिविर में आंख, दांत, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन और देसी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई।



**रोहतक।** यात्रा निकालते हुए भक्तजन। *फोटो: हरिभूमि*

#### रास्ते में दो निर्धारित पड़ाव रखे गए

पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस पर रहा, जहां भक्तों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई। दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर (भिवानी रोड) के सामने हुआ, जहां विश्राम के बाद यात्रा आगे बढ़ी। धाम से वापसी के लिए भक्तों हेतु निःशुल्क ऑटो सेवा उपलब्ध कराई गई।

#### भक्तों को मुफ्त दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए

भक्तों को मुफ्त दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए गए। धाम में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज का भव्य संकीर्तन किया। सुप्रसिद्ध भजन गायक सुनील कौशिक और अमन कौशिक ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। उनके भजनों पर उपस्थित भक्तजन झूम उठे। साथ ही, कलाकार रिंकू महादेव द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकियों ने समूचे वातावरण को धार्मिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के समापन पर कढ़ी-चावल भंडारा आयोजित किया गया, जिसका आयोजन अशोक खुराना (नायब तहसीलदार) द्वारा किया गया था। हजारों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और बालाजी महाराज के जयकारे लगाए।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, विनोद गुप्ता, चरनजीत पहावा, रमेश गांधी, बलदेव राज कात्याल, वंश, सैंटी, खुशाल, सुनील निमड़ी, पंडित नरेश कौशिक, अमित कौशिक आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

---

# धर्म और संस्कृति की रक्षा ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य: आचार्य

- संस्कृति से दूर होता मानव, भक्ति ही है आत्मा की सच्ची पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

स्वामी परमानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में गढ़ी मोहल्ला स्थित खटीक मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के तृतीय दिवस वृन्दावन से पधारी सुन्दर-सुन्दर शिव-सती की झांकियों का आनन्द श्रद्धालुओं ने उठाया। तत्पश्चात कथा में कथा व्यास आचार्य देवशरण महाराज (गोवर्धन वाले) ने कहा कि जब तक धर्म और संस्कृति जीवित हैं, तब तक मानवता सुरक्षित है। महाराज ने कहा कि आज का मनुष्य आधुनिकता की आड़ में अपनी संस्कृति और परंपराओं से दूर होता जा रहा है। धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का आचरण, विचार और व्यवहार है। भारतीय संस्कृति हमें 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना सिखाती है कृ दूसरों के सुख में अपना सुख देखना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों में भारतीय संस्कारों और भक्ति की भावना का बीजारोपण करें। यदि नई पीढ़ी को हमने धर्म और संस्कृति से जोड़ा नहीं, तो आने वाले समय में समाज केवल भौतिकता का गुलाम बन जाएगा।महाराज ने कहा कि कथा सुनना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और समाजशुद्धि का माध्यम है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे कथा श्रवण के साथ-साथ सेवा, दया और करुणा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।





**रोहतक।** कथा में प्रवचन करते कथावाचक और कथा का आनंद लेते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि आगामी रविवार की कथा में आचार्य देवशरण महाराज द्वारा समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म की कथा श्रवण करने को मिलेंगें। कथा का आयोजन पं. विजय कुमार शर्मा (वृंदावन वाले) एवं पं. रमाशंकर दीक्षित के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी सुपुत्र राहुल पांचाल के रूप में उपस्थित रहे। सचिव इंजी. योगेश शर्मा, मधु शर्मा दीक्षित, पुष्पा देवी, पं. मोहन अत्री, पं. गौरव सूरौठिया, धनवीर तौमर, गोलू, हेमंत लवांनिया, पं. ओमकार शर्मा, लोकेश पुनिया, पं. माधव दीक्षित, हेमराज, भतेरी, उषा खन्ना, रजनी, उर्मिला, वर्षा, पूजा, निशा, आरती आदि मौजूद रहे।

---

### पिता व भाई की हत्या का मामला

# आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

जमीनी विवाद को लेकर गांव औरंगपुर की सीमा में एक व्यक्ति द्वारा अपने पिता और भाई की हत्या करने मामले में पकड़े गए आरोपी को पुलिस द्वारा रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दुलीना पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव कलोई में खजान और उसके पुत्र संजय की हत्या करके शव को खुर्द-बुर्द किया गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें गठित की। खुफिया तंत्र को स्पेशल गांव में इसी कार्य के लिए लगाया गया और साइबर सेल की टीम की भी मदद ली गई। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि खजान और उसका सबसे छोटा बेटा संजय पिछले करीब ढाई महीने से दिखाई नहीं दे रहे थे। एक दिन डाक विभाग का कर्मचारी खजान को बुढ़ापा पेंशन देने उनके घर पहुंचा तो घरवालों ने बताया कि दोनों की एक्सीडेंट में मौत हो चुकी है।

---

### 51 वर्षों की गौरवमयी यात्रा पर पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव, 600 से अधिक डॉक्टर हुए शामिल

# गौड ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज में पहली एलुमनी मीट हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

गौड ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज, ब्राह्मणवास में रविवार को कॉलेज की पहली एलुमनी मीट का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम डॉक्टर आशीष वशिष्ठ रहे। यह कार्यक्रम कॉलेज की पहली पासिंग बैच वर्ष 1974 से लेकर अब तक के 51 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को समर्पित रहा। इस मौके पर देशभर से 600 से अधिक आयुर्वेदिक डॉक्टर पहुंचे। आयोजन का संचालन जीबीएसी डॉक्टर्स एलुमनी वेलफेयर ट्रस्ट 2025 द्वारा किया गया।

एसडीएम डॉ आशीष वशिष्ठ का कहना है कि आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा प्रणाली की आत्मा है। आज जब दुनिया प्राकृतिक उपचार की ओर लौट रही है, तब आयुर्वेद का महत्व और भी बढ़ गया है। इस कॉलेज ने वर्षों से जो सेवा की है, वह समाज के स्वास्थ्य के लिए अमूल्य योगदान है।जीबीएसी ट्रस्ट के प्रधान डॉ. संजय जाखड़ ने कहा कि एलुमनी मीट केवल पुनर्मिलन नहीं, बल्कि एक भावना है जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है।




#### साझा किए अनुभव

यह देखना गर्व की बात है कि हमारे पूर्व छात्र देश-विदेश में आयुर्वेद को नई पहचान दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य इस परंपरा को और सशक्त बनाना है। डॉ. सुनील शर्मा, फाउंडर मेंबर ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवनदर्शन का अभिन्न हिस्सा है। हमने जब इस कॉलेज की नींव रखी थी, तब उद्देश्य था आयुर्वेद की परंपरा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाना। आज यह देखकर गर्व होता है कि हमारे विद्यार्थी देश-विदेश में आयुर्वेद को सम्मान दिला रहे हैं।

#### आयुर्वेद जीवन जीने का मार्ग

गौड ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पांडे ने कहा कि आयुर्वेद विज्ञान केवल उपचार की विधा नहीं, बल्कि जीवन जीने का मार्ग है। आज के समय में युवाओं को इसकी गहराई समझने और अपनाने की जरूरत है। कॉलेज ऐसे डॉक्टर तैयार कर रहा है जो आधुनिक युग में आयुर्वेद को नई ऊंचाई देंगे। कार्यक्रम में 1974 से लेकर 2019 तक के सभी बैच के डॉक्टरों ने भाग लिया। वरिष्ठ एलुमनाई ने कॉलेज की शुरुआती दिनों की यादें साझा कीं और बताया कि कैसे सीमित संसाधनों में उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की और समाज की सेवा में जुट गए। वहीं, युवा एलुमनाई ने वर्तमान समय में आयुर्वेद की भूमिका और इसकी वैश्विक पहचान पर अपने विचार रखे। आयोजन के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने कॉलेज की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। कॉलेज प्रशासन की ओर से पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों और एलुमनाई ने संकल्प लिया कि वे आयुर्वेद को आमजन तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। कॉलेज परिसर में हुआ यह आयोजन न केवल यादगार रहा बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा की परंपरा, एकता और गर्व का प्रतीक भी बना।

## खबर संक्षेप



### पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करे सरकार

**रोहतक।** हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी प्रकोष्ठ कांग्रेस की बैठक प्रकोष्ठ के चेयरपर्सन महावीर मलिक की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई। प्रदेशभर से आए वरिष्ठ रिटायर्ड कर्मचारी नेताओं ने बैठक में भाग लिया। महावीर मलिक ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी समाज का वह मजबूत वर्ग है, जिसने अपने सेवा-काल में हरियाणा और राष्ट्र के विकास में अहम योगदान दिया है। ऐसे में उनके सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में प्रदेश के हर जिले एवं ब्लॉक में संपर्क और सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, ताकि रिटायर्ड कर्मचारियों को कांग्रेस के साथ बड़ी संख्या में जोड़ा जा सके।

### अवैध हथियारों सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्तौल, रिवाल्वर तथा कारतूस बरामद हुए हैं। दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। मामले में जानकारी देते हुए सीआईए प्रभारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक लड़का स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर रोहतक से दिल्ली की तरफ जाएगा। इस आधार पर बहादुरगढ़ बाईपास नजफगढ़ फ्लाईओवर के नजदीक नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी रुकवाई गई।

### शहर में थम नहीं रहीं चोरियां लाखों के आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर में चोरी की वारदात नहीं थम रहीं। अब छोटूराम नगर में स्थित एक मकान में वारदात हो गई। परिवार छठ मनाने के लिए गांव गया था और पीछे से चोरों ने मकान के ताले चटका लाखों के आभूषण चुरा लिए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात अनुराधा के मकान में हुई है। बिहार मूल की अनुराधा का कहना है कि वह यहां परिवार सहित छोटूराम नगर वार्ड 9 में रहती है।

# फरीदाबाद में 41वीं योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में प्रतिभाओं का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, फरीदाबाद के कुशल निर्देशन में 41वीं सब-जूनियर एवं जूनियर हरियाणा राज्य स्तरीय योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025–26 का भव्य शुभारंभ आज कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-15, फरीदाबाद में हुआ, इस दो दिवसीय प्रतियोगिता 26 और 27 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें हरियाणा के सभी जिलों से लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अमन गोयल, जो हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के भतीजे हैं, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### खेल हमारे सर्वांगीण विकास का आधार

*मुख्यातिथि अमन गोयल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास का आधार हैं। योग ऐसा माध्यम है जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन और आत्मा में संतुलन और स्थिरता भी प्रदान करता है। युवाओं को खेलों और योग के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता सीखनी चाहिए। हरियाणा सरकार खिलाड़ियों के विकास और योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होने आगे कहा कि ऐसी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं हरियाणा के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं।*

### सभी जिलों से लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे



### ये रहे मौजूद

*योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के लाइफटाइम चेयरमैन अशोक अग्रवाल, प्रेसिडेंट इंदु अग्रवाल, अभिनव जोशी, हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के सचिव अरिंदम मित्रा, मीडिया संयोजक डॉ. जनक राज, तथा योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, फरीदाबाद के सचिव रवि बिधूड़ी, विनोद जोशी सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।*

### इन खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

- ▶▶ 8 से 10 वर्ष (लड़के वर्ग) में आरव सिंह और सुप्रीत
- ▶▶ 8 से 10 वर्ष (लड़कियों वर्ग) में पूर्ति और याक्षी
- ▶▶ 12 से 14 वर्ष (लड़कियां वर्ग) में पारिशा और यशिका
- ▶▶ 12 से 14 वर्ष (लड़के वर्ग) में इशांत
- ▶▶ 14 से 16 वर्ष (लड़के वर्ग) में आदर्श
- ▶▶ 16 से 18 वर्ष (लड़के वर्ग) में संजीव कुमार

### योग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

मीडिया संयोजक डॉ. जनक राज ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, समर्पण और अनुशासन से राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हमें विश्वास है कि फाइनल राउंड में ये खिलाड़ी विजय प्राप्त कर रोहतक जिले का नाम हरियाणा भर में गौरवान्वित करेंगे। प्रतियोगिता में योग के विभिन्न आसनों और कलात्मक योग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति के सचिव रवि बिधूड़ी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हरियाणा के युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना है।

## बाजारों में रही त्योहार की रौनक, घाटों पर तैयारियां पूरी

# आस्था का महापर्व छठ, आज देंगे डूबते सूर्य को अर्घ्य


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

*रविवार को महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा और शाम को अपने घरों में शुद्ध मिट्टी से नया चूल्हा बनाकर गुड़ की खीर, रसिया और रोटी तैयार की।*

भगवान सूर्य की उपासना का महापर्व छठ पूजा रविवार को पूरे आस्था और श्रद्धा के साथ रोहतक में शुरू हो गया। बिहार और पूर्वांचल की परंपरा अब रोहतक में भी रच-बस चुकी है। शहर और आस-पास के इलाकों में महिलाओं ने रविवार को खरना का व्रत रखकर भगवान सूर्य और छठी मइया की आराधना की।

शनिवार को श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय के साथ इस पर्व की शुरुआत की थी। इसके बाद रविवार को महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा और शाम को अपने घरों में शुद्ध मिट्टी से नया चूल्हा बनाकर गुड़ की खीर, रसिया और रोटी तैयार की। इसी प्रसाद को ग्रहण कर उन्होंने 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत की, जो मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद समाप्त होगा। व्रतियों ने बताया कि यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्म-शुद्धि, संयम और मातृत्व का प्रतीक है। छठ पूजा को सूर्य षष्ठी व्रत भी कहा जाता है और इसके महत्व का उल्लेख स्कंद पुराण और पद्म पुराण में मिलता है।

रोहतक की निवासी वीणा ओझा ने बताया कि पंचमी के दिन शाम को खरना पूजन के साथ ही घर में भगवती षष्ठी का आगमन हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व ब्रह्मा और शक्ति दोनों की उपासना का प्रतीक है। छठी मइया संतान की रक्षा करती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि का वरदान देती हैं। वहीं, सोमवार की शाम व्रती महिलाएं डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी और मंगलवार की सुबह उगते सूर्य की आराधना के साथ व्रत का समापन करेंगी। इस दौरान वे बांस की सूप और डलिया में प्रसाद रखकर भगवान सूर्य और छठी मइया को अर्पित करेंगी।





रोहतक। घर में पूजा अर्चना करते

### मुख्य अतिथि होंगे उद्योगपति, मंत्री और समाजसेवी

समिति के वरिष्ठ सदस्य कपिल ठेकेदार ने बताया कि सोमवार को छठ घाट पर मुख्य पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उद्योगपति राजेश जैन, केंद्रीय मंत्री अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, अजय बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष, समाजसेवी सुभाष तायल शामिल होंगे।

### शहर में दिखा पर्व का उल्लास, बाजारों में उमड़ी भीड़

छठ पूजा को लेकर रविवार को पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल रहा। बाजारों में सुबह से ही भीड़ लगी रही। पूजा सामग्री, टोकरी, सूप, नारियल, गन्ना, केला, नींबू, नारंगी और सजावटी वस्तुएं खरीदने के लिए लोग परिवार सहित बाजार पहुंचे। मिठाइयों और फूलों की दुकानों पर भी खरीदारी देर रात तक जारी रही। सब्जी मंडी, शीला बाईपास,किला रोड और रेलवे रोड के बाजारों में लोगों की आवाजाही से रौनक बनी रही। दुकानदारों के अनुसार इस बार छठ पूजा की खरीदारी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक रही है।

### घाटों पर तैयारियां पूरी, प्रशासन सतर्क

छठ पर्व के अर्घ्य के लिए इस बार रोहतक में दिल्ली बाइपास स्थित नहर को सजाया जा रहा है। नगर निगम की ओर से साफ-सफाई, लाइटिंग और पेयजल की व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष बंदोबस्त किए हैं। वहीं, एनसीसी कैडेट और स्वयंसेवी संस्थाएं घाटों पर सेवाएं देंगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि सभी घाटों की सफाई पूरी कर ली गई है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी शौचालय भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है।

### श्रद्धा और संयम का प्रतीक पर्व

रवि तिवारी ने बताया कि यह पर्व पूरी सादगी, स्वच्छता और संयम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि व्रती महिलाएं नमक, लहसुन और प्याज का त्याग करती हैं। पूजा के दौरान घर में कोई अशुद्ध भोजन नहीं बनता। यह व्रत मन की एकाग्रता और आत्मिक शुद्धि का अभ्यास है। उन्होंने बताया कि कई परिवारों में छठ व्रत पीढ़ियों से किया जा रहा है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और दीप सज्जा की तैयारियां

शहर के कई इलाकों में सांस्कृतिक समितियों ने सोमवार की शाम होने वाले अर्घ्य कार्यक्रम को लेकर मंच सज्जा शुरू कर दी है। घाटों पर दीपों से सजी पंक्तियां और फूलों की मालाएं श्रद्धालुओं का मन मोह लेंगी।

### मातृत्व और संतान की रक्षा का पर्व

छठ पूजा को विशेष रूप से संतान की दीर्घायु और पारिवारिक सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। व्रती महिलाएं इस व्रत को अत्यंत कठिन नियमों के साथ निभाती हैं।

## स्पंदन संस्था की मासिक काव्यगोष्ठी

# काव्यगोष्ठी में शामिल हुए बैंगलोर देहरादून और नेपाल के साहित्यकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्पंदन संस्था द्वारा आयोजित मासिक काव्यगोष्ठियां अब एक व्यापक एवं भव्य स्वरूप लेती जा रही हैं। इन काव्यगोष्ठियों में अपने जिले और प्रदेश ही नहीं बल्कि बल्कि अपने देश से बाहर के साहित्यकार भी अपनी सहभागिता करने लगे हैं। स्पंदन संस्था द्वारा आयोजित इस बार की मासिक काव्यगोष्ठी में रोहतक, भिवानी और सोनीपत सहित बैंगलोर, देहरादून और नेपाल से नेपाल से आए रचनाकारों ने भी अपनी सहभागिता की। मास्टर दयानंद राठी के मंगलाचरण से आरंभ हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल से पधारे राजेन्द्र गुरागांई ने की। मंच संचालन डॉ निधि राठी का रहा तो वहीं मुख्य अतिथि की भूमिका में बैंगलोर से राश दादा 'राश' तथा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में भिवानी से पधारे अशोक भाटी की उपस्थिति भी सराहनीय रही।

बैंगलोर के राश दादा राश, देहरादून के वीरेंद्र डंगवाल 'पार्थ' नेपाल के बैदिक अत्री ने अपने गीतों की स्वहरियों के माध्यम से उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। संदीप शर्मा बावरा ने भी अपने गीतों के माध्यम से सबको झूमने पर विवश कर दिया।

### भारत-नेपाल साहित्यिक एकता

इनके अतिरिक्त राजेन्द्र गुरागांई, राज ख्यालिया, डॉ कंचन मखीजा, डॉ निधि राठी और पवन गहलोत ने मानवीय संवेदना, लक्ष्य के प्रति समर्पण, कलमकार का महत्त्व, किसान की वेदना और सामाजिक समरसता आदि विषयों से संबंधित रचनाएं सुनाईं। सम्माननीय फूलों देवी और कमलेश दांगी सहित उपस्थित सभी श्रोताओं ने प्रस्तुत की गईं रचनाओं का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र गुरागांई ने बताया कि भारत और नेपाल की सांस्कृतिक एकता के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत और नेपाल की सांस्कृतिक जड़ें बिल्कुल भी अलग नहीं है। उन्होंने इस तरह के साहित्य कार्यक्रम को सम्बंधों को प्रगाढ़ होने के लिए जरूरी बताया। विशिष्ट अतिथि राश दादा 'राश' ने बताया कि लेखक समाज को एक नई दिशा देता है इसीलिए किसी भी लेखक को अपना लेखनकार्य बहुत ही जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। नेपाल के बैदिक अत्री ने साहित्य की समृद्धि के लिए अनुवाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारत और नेपाल के साहित्य को एक-दूसरे की भाषाओं में अनुवाद करने का सुझाव दिया। विशिष्ट अतिथि अशोक भाटी ने बताया कि समाज समाज को संवेदनशील बनाने के लिए साहित्य बेहद जरूरी है और इसके लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाना चाहिए।

# जिला बार एसो. ने राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति प्रो. असीम से शिष्टाचार भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रियलिस्ट्स के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। जिला बार एसो. रोहतक के अध्यक्ष एडवोकेट दीपक हुड्डा ने बताया कि यह प्रदेश की सबसे पुरानी बार एसोसिएशनों में से एक है, जिसके लगभग 4,000 अधिवक्ता सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां इस बार से जुड़ी रही हैं।



### सच्चा न्याय वही जो हर व्यक्ति तक बिना भेदभाव पहुंचे

राज्यपाल ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि न्याय समय पर और विशेष रूप से वंचित, अनुसूचित जातियों एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सच्चा न्याय वही है जो हर व्यक्ति तक बिना भेदभाव पहुंचे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष डॉ. आरती साहू, सचिव डॉ. अर्जुन नरूला, डॉ. आदित्य बत्रा सहित अन्य चिकित्सकों ने राज्यपाल से भेंट कर विश्वविद्यालय में हो रहे सामुदायिक एवं स्वास्थ्य से जुड़े प्रयासों की जानकारी दी। औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि राजेश जैन, राजेंद्र बंसल, अंकुर बत्रा, मनमोहन गोयल एवं अन्य उद्योगपतियों ने राज्यपाल को अवगत कराया कि रोहतक जिला तीव्र गति से प्रगति कर रहा है और विश्वविद्यालय द्वारा उद्योग जगत के सहयोग में नये शैक्षणिक कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं, जिससे योग्य मानव संसाधन तैयार हो रहा है।

# राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने एमडीयू परिसर का किया व्यापक निरीक्षण

- नवाचार, छात्र हितों व पर्यावरण संरक्षण पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के राज्यपाल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने रविवार को विश्वविद्यालय परिसर का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विवेकानंद पुस्तकालय, डैफेटेरिया, गर्ल्स एवं बॉयज हॉस्टल्स काम्प्लेक्स का निरीक्षण किया तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल की धर्मपत्नी एवं राज्य की प्रथम महिला मित्रा घोष भी इस अवसर पर विशेष रूप से साथ रहीं। राज्यपाल की विजिट के दौरान एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत सहित विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी साथ रहे। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सबसे पहले कस्तूरबा गांधी गर्ल्स हॉस्टल कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग और उनकी टीम ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राज्यपाल ने यहां छात्राओं से संवाद कर हॉस्टल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उनकी संतुष्टि स्तर की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने परिसर में की जा रही नेचुरल फार्मिंग की पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती आज के समय की अत्यंत आवश्यकता है, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है बल्कि स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली की ओर भी प्रेरित करती है। प्रो विनीता हुड्डा ने प्राकृतिक खेती बारे बताया।





### पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इस दौरान राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष ने आम और अंजीर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत राज्यपाल ने एमडीयू की अनूठी पहल डैफेटेरिया का भ्रमण किया। उन्होंने इस अभिनव विचार की सराहना की और स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित किया। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने राज्यपाल को डैफेटेरिया की स्थापना से लेकर विकास यात्रा तक का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने बताया कि एमडीयू एलुमना पद्माजय ने डैफेटेरिया का आईडिया दिया। राज्यपाल ने इस पहल को विश्वविद्यालय की नवाचार संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त बनाते हैं। इसके बाद राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष विवेकानंद पुस्तकालय पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने पुस्तकालय में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया। लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक ने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, ई-रिसोर्सेज और डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी। राज्यपाल ने विवेकानंद पुस्तकालय को ज्ञान का समृद्ध केंद्र बताते हुए छात्रों को अधिकाधिक पुस्तकालय उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस दौरे के अंत में राज्यपाल ने बॉयज हॉस्टल परिसर का भी निरीक्षण किया। यहां चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार एवं अन्य वार्डन्स ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल ने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी शैक्षणिक, आवासीय व सामाजिक गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया।

### फतेहपुरी कॉलोनी में हुई इनेलो की बैठक

रोहतक इनेलो के शहरी युवा प्रधान हरीश योगी ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी अध्यक्ष अभय चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो प्रदेश सचिव मन्जीत कन्हेली, जिला प्रधान नफे सिंह लाहली सहित अन्य पदाधिकारियों का आभार जताया है। फतेहपुरी कॉलोनी में आयोजित मीटिंग में हरीश योगी ने कहा कि जो दायित्व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें सौंपा है, वह उसे पूरी लग्न से पूरा करेंगे। इस मौके पर रविन्द्र सैनी, अंकित हुड्डा, अमन हुड्डा, विशु हुड्डा, नवदीप जोगी, वीरेंद्र जोगी, शुभम जोगी, गोविंद जोगी आदि मौजूद रहे।



रोहतक। इनेलो प्रदेश सचिव मन्जीत कन्हेली का स्वागत करते शहरी युवा प्रधान हरीश योगी व अन्य।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## भराण गांव में हर्ष विजेता का किया गया शानदार स्वागत

# एशियन यूथ गेम्स में गोल्ड जीतकर लौटा हर्ष मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव भराण का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले कबड्डी खिलाड़ी हर्ष मान का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बहरीन में 19 से 23 अक्टूबर तक आयोजित एशियन यूथ गेम्स में भारत की स्वर्ण पदक विजेता कबड्डी टीम का हिस्सा रहे हर्ष मान के गांव लौटने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और नोटों से उनका जोरदार अभिनंदन किया। गांव भराण के लोगों ने मदीना रेडियो स्टेशन से जुलूस के रूप में यात्रा निकालकर अपने लाड़ले खिलाड़ी का स्वागत किया। जुलूस में शामिल ग्रामीण भारत माता की जय और हर्ष मान अमर रहे के नारों से गूंज उठे। गांव पहुंचने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने एकत्र होकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा है।




### कठिन परिस्थितियों में सफलता की मिसाल

हर्ष मान का जीवन संघर्ष और प्रेरणा की कहानी है। वे एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता शारीरिक रूप से अस्वस्थ हैं, लेकिन हर्ष ने कभी हिम्मत नहीं हारी। सीमित साधनों के बावजूद उन्होंने अथक परिश्रम और लगन से खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। उनके स्वर्ण पदक जीतने की खबर से गांव भराण सहित पूरे रोहतक जिले में खुशी की लहर दौड़ गई।

### कोचों और साथियों का भी सम्मान

इस अवसर पर हर्ष मान के साथ भारतीय कबड्डी टीम के कोच दीपक हुड्डा , प्रवीण राठी और दिनेश दांगी का भी ग्रामीणों ने सम्मान किया। सभी अतिथियों को पारंपरिक तरीके से फूलमालाएं, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

### कार्यक्रम में रही बड़ी उपस्थिति

इस मौके पर सत्यवीर भराण, लक्ष्य दांगी (आर्य स्कूल मदीना) , दलबीर भराण, वेदप्रकाश धवन, मीना बाल्मीकि, मनोज पहलवान, ऋषि, विकास, संदीप दांगी और सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों में उमड़ा गर्व और उत्साह

कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों और युवा खिलाड़ियों ने हर्ष मान से प्रेरणा लेते हुए खेल के प्रति समर्पण और अनुशासन बनाए रखने का संकल्प लिया। गांव के बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद दिया और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम और ऊंचा करने की शुभकामनाएं दीं।